तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025

13 आयुष शिविर में 147 लोगों की जांच कर दी गई दवा



14 शिविर में 47 का स्वास्थ्य परीक्षण और 17 लोगों ने ...





## खबर संक्षेप



### ग्राम डौकीडीह में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में आज से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ ग्राम डौकीडीह के चन्द्राकर परिवार के तत्वाधान में नवदिवासीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी टेकू रामचंद्राकर ने दी, और कहा है कि आसपास के ग्रामीण जन इस भागवत कथा में शामिल होकर आनंद उठाये कथा का प्रारंभ 12 दोपहर से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। कथा वाचक आचार्य पंडित श्री वेद प्रकाश पांडे दुर्गा मंदिर नागपुर जिला दुर्ग के रहेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेलमांड में 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी अनुसार



ग्राम बेलमांड में थलेश्वर यादव पिता कुशल यादव 23 वर्षीय ने शुक्रवार दोपहर को ही फांसी लगा ली थी जिसे परिजनों द्वारा शुक्रवार रात को देखा गया। मृतक घर के कोठा के काड़ में रस्सी के सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराकर शनिवार को परिजनों को सौंपा दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मृतक ग्राम मोखा निवासी है जो अपने परिवार के साथ पिछले दस वर्षों से अपने दीदी जीजा के घर में रहकर गांव में गाय चराने का काम करते थे। मृतक कॉलेज करने के बाद पढ़ाई छोड़ दिया था। बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि युवक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है आगे कार्यवाही की जा रही है।

### नगर पालिका चुनाव प्रभारी की नियुक्ति

**बालोद।** नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए नगर पालिका चुनाव प्रभारी की नियुक्ति भाजपा द्वारा की गई है। जिसमें जिले के दो नगर पालिका के लिए भी चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसमें दुर्ग संभाग के तहत बालोद जिला मे बालोद नगर पालिका के लिए रिकेश सेन को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। वहीं दल्लीराजहरा नगर पालिका के लिए संतोश अग्रवाल को चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

### गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल ट्रस्ट की बैठक आज

**लाटाबोड़।** 12 जनवरी को समय दोपहर 2 बजे गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल ट्रस्ट की आवश्यक बैठक मंदिर प्रांगण में रखा गया है। जिसमें सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया की मेला पर्व 2025 की तैयारी के साथ ही अन्य विषय अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श से किया जायेगा।

### मानस गान के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ युवा शक्ति शिक्षण एवं जनसेवा समिति द्वारा ग्राम फागुनदाह में तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी से जारी है, जिसका 12 जनवरी को आज समापन होगा। जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम की महिलाओं के साथ छोटे बच्चे पीले वस्त्र धारण कर सर में कलश लेके ग्राम भ्रमण किए। जिसके तहत ग्राम में 16 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# स्कूल बाउंड्रीवाल पर शिक्षकों ने उकेरे स्लोगन और की सुंदर चित्रकारी

## छात्रों के लिए स्लोगन बना ज्ञानवर्धक, रंग-बिरंगी टी-शर्ट, ट्रैकसूट का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांवआर

शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी में ग्रामीण दानदाताओं के सहयोग से ऊर्जावान शिक्षकों ने अभिनव पहल करते हुए ज्ञानवर्धक स्लोगन के साथ चित्रकारी बाउंड्रीवाल में कराए। बच्चों को रंग बिरंगी टी शर्ट, ट्रैक सूट, समूह वार अलग अलग कलर में वितरित किए। इस पहल से विद्यार्थी, शाला परिवार एवं कैंपस का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से आच्छादित हो गया है। प्रधानपाठक बुधारू राम निषाद और सहायक शिक्षक राघवेन्द्र कुमार ध्रुव ने बताए कि स्वयंसेवी शिक्षिका के रूप में गुलशन साहू एवं रुद्राणी साहू का लाभ बच्चों को मिल रहा है। शाला को आकर्षक बनाने के लिए दान राशि प्रदान करने वाले





दानवीर पीलू राम साहू, आदित्य कुमार, दुष्यंत कुमार साहू, रेखराम, हरख राम, डोमन लाल साहू, विष्णु प्रसाद यादव, प्रमोद ठाकुर, हीरा लाल साहू, धर्मेन्द्र साहू, दीपक कुमार ठाकुर, हेमंत साहू, संदीप कुमार गुरु, खेमंत कुमार गुरू, डेमंत कुमार आप सभी के सहयोग के लिए, शिक्षा दान करने वाली शिक्षिकाओं के प्रति सहानुभुति आभार प्रकट करते हुए होरी लाल साहू, सरपंच, केशराम ठाकुर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्रेमीन साहू सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि पीलू राम साहू, संकुल समन्वयक टिकेश्वर गजपाल का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रधानपाठक बुधारू राम निषाद, शिक्षक राघवेंद्र कुमार धुरव, गुलशन साहू, स्वयंसेवी शिक्षिका रुद्राणी साहू, मदन लाल ठाकुर, सोहद्रा ठाकुर, रितेन्द्र साहू ने हर्ष व्यक्त किये।

## विडंबना : पंचायतों में सामग्री पहुंचने से पहले कोटेशन में बिल भेजकर राशि का किया जा रहा आहरण

# बाजार से चार से पांच गुना दर पर स्वच्छता किट सप्लाई, मुख्यमंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में भंडार क्रय नियम 2002 व संशोधित नियम 2023-24 का उल्लंघन कर लाखों रुपये का बंदरबाट किए जाने का जाने का मामला सामने आया है। जनपद सीईओ द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए पंचायतों में सामग्री पहुंचने से पहले कोटेशन में बिल भेजकर राशि का आहरण किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की और जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पत्र के माध्यम से सौरभ लूनिया ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि डौंडीलोहारा जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के उपयोग के लिए स्वच्छता सामग्री क्रय करने के लिए सरपंच व सचिव पर दबाव बनाते हुए क्रय करने राशि जारी की गई थी, लेकिन जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अधिकारियों द्वारा भंडार क्रय नियम 2002 व संशोधित नियम 2023-24 का उल्लंघन कर राशि का आहरण किया जा रहा है।



### सप्लायरों को नहीं किया जाए भुगतान

डौंडीलोहारा जनपद पंचायत सीईओ पंकज देव ने मामले को लेकर कहा कि रायपुर का कोई सप्लायर है, जिन्होंने सप्लाई की है, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। कुछ सरपंचों का फोन आया था किसी के द्वारा पंचायत भवन में स्वच्छता किट सामग्री रखकर चलें गए हैं, कुछ सप्लायर हैं, दल्लीराजहरा और राजनांदगांव के जो जबरदस्ती पंचायत में ई-रिक्शा की भी सप्लाई करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे द्वारा किसी भी पंचायत को ऐसा निर्देश नहीं दिया गया है। मैं सर्कुलर जारी कर रहा हूं कि किसी भी प्रकार का भुगतान ऐसे सप्लायरों को नहीं किया जाए।

### सामग्रियों को खरीदने का कार्य किसने किया, नहीं है पता

सौरभ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में सामान खरीदी के नाम पर सरपंचों को बिल और कोटेशन दिया जा रहा है, लेकिन इसे खरीदने का कार्य कौन किया है, सरपंचों को ही पता नहीं है। बिल जनपद द्वारा बनाये गए सेक्टर (पंचायत) दुधली, अछोली, सिवनी, बडगाव, खेरथाबाजार, रेंगाडबरी, सुरेगांव के आसपास के ग्राम पंचायतों में वितरण के लिए रखा गया है और कई जगह पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है की निविदा के नाम पर रायपुर की एक कंपनी एवं सप्लायर का बिल और तीन कोटेशन वो भी खुला, न बंद लिफाफा न डाकघर का सील, जिला मुख्यालय से दूर अन्य जगह से भेज रहे हैं। शासन को लगाई जा रही लाखों की चपत उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में एक ही फर्म के द्वारा बिना सामग्री पहुंचाए आहरण किया जाना भी संदेहास्पद है। उक्त फर्म द्वारा जो सामग्री कुछ जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए सेक्टर में पहुंचाई गई है। वह सामग्री भी घटिया स्तर की है और बाजार मूल्य से तीन से चार गुना दर पर सप्लाई की गई है। शासन को लाखों रुपये की चपत लगाई जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा युवक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को 108 की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से रिफर कर दिया गया है। पूरी घटना शनिवार को दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आलू प्याज से भरे एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मारी है। टक्कर मारने से बाइक सवार मचांदूर निवासी नंदकिशोर ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई और मचांदूर निवासी पिलेश्वर निषाद का एक पैर फैक्चर होने के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया है। बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में जांच करने की बात कही गई है।

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर दी जान

**बालोद।** ग्राम उसरवारा में एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामला पुरूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी अनुसार गुरूवार की सुबह लगभग 7 बजे ग्राम उसरवारा की एक 16 वर्ष 9 माह की नाबालिग लड़की ने अपने घर के म्यार में दुपट्टे की सहायत से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुरूर पुलिस मौके पर पहुंच मंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा दिया। मृतिका कक्षा 9वीं तक पढ़ के छोड़ दी थी और घर का रहती थी। वहीं नाबालिग ने फांसी क्योंकि लगाई कारण अभी अज्ञात है। पुलिस को भी कोई विशेष सुराग नहीं मिला है।

# सीएमओ ने नगर भ्रमण कर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं सफाई प्रभारी महेन्द्र कुमार बघेल, जल प्रभारी ईश्वर कुमार आर्य, पीआईयू महेन्द्र कुमार साहू, प्रभारी लाईनमेन गोविन्द लाल उइके ने नगर भ्रमण कर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, नगर की साफ सफाई, पेयजल, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 गार्बेज फ्री सिटी में उच्चतम अंक प्राप्त किया जा सके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदीयों को 7200 मासिक मानदेय मिल रहा है उनकी आय में बढोतरी के लिए घरों से निकलने वाले सूखे कचरे एवं गीले कचरे से खाद बनाकर बेचकर सभी स्वच्छता दीदीयों की आय में बढोतरी हुई, समस्त स्वच्छता दीदीयों के स्वास्थ्य के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनका हेल्थ चेकप हर सप्ताह एमएमयू वाहन के माध्यम से कराया जाता है टोल फ्री नंबर निदान 1100 में साफ-सफाई पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों की शिकायत की जा सकती है।

# 77 पौवा शराब का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के आरोप में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। 73 पौवा देशी प्लेन शराब, 4 पौवा देशी मसाला शराब और एक स्कूटी जब्त कर सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया। और कहा की अवैध शराब बिक्री और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। दिनांक 9 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर राजहरा पुलिस ने रेलवे पावर स्टेशन के पास रेलवे मैदान से 02 व्यक्तियों को रंगे हाथ



पकड़ा। इनके कब्जे से शराब की बड़ी मात्रा और एक वाहन जप्त किया गया। आरोपियों पर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी प्रकाश उर्फ पप्पू सौनकउम्र 38 वर्ष आशा टाकीज के सामने, राजहरा व नरसिंग साहू उम्र 63 वर्ष वार्ड क्रमांक 25, कसाई मोहल्ला, राजहरा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# 2 हजार निराश्रितों को कंबल वितरण आज

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद द्वारा 12 जनवरी को 2000 निराश्रितो को कंबल प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूवात बीते दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बालोद आगमन के दौरान 101 निराश्रितो को कंबल प्रदान कर किया गया था। लगातार बढ़ते ठंड को देखते हुए भाजपा मंडल द्वारा जिला संगठन के मार्गदर्शन मे नगर के निराश्रितो को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से निः कंबल प्रदान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रामकुमार जमुनादेवी फाउन्डेशन बालोद के विश सहयोग से किया जा रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान मे आयोजित भव्य समारोह मे मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग होंगे। कार्यक्रम मे जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, रामकुमार जमुनादेवी फाउन्डेशन बालोद के प्रमुख ट्रस्टी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव व अन्य अतिथियो के उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को लेकर सरदार पटेल मैदान मे व्यापक तैयारी की गई है।

## वैदिक सेवा आश्रम पैरी के पूर्व अध्यक्ष तेज राम कृपाण की द्वितीय पुण्यतिथि पर विविध आयोजन

# शिव महापुराण, गायत्री महायज्ञ, अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के साथ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सेवानिवृत्ति पश्चात संपूर्ण शेष जीवन मानव समाज के कल्याण व सुधार के लिए समर्पित कर, फॉर्म भरवा कर नशा छुड़वाने वाले विमल वैदिक सेवा आश्रम पैरी के पूर्व अध्यक्ष तेज राम कृपाण की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके गृह ग्राम मुंडरा में परमानंद महाराज पंचकोशी धाम फिंगेश्वर के सानिध्य में शिव महापुराण, गायत्री महायज्ञ, अखंड दुर्गा चालीसा के साथ कवि सम्मेलन का विविध आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बालोद द्वारा गायत्री परियोजक, पर्यावरण मित्र, गौ सेवक एवं राजीव दीक्षित के स्वदेशी मंच के कार्यकर्ता पवन कुमार यादव को उत्कृष्ट समाज सेवा हेतु सम्मानित किया गया। कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से स्वर्गीय तेज राम कृपाण के जीवन काल में उनके द्वारा किए गए व्यसन मुक्ति अभियान, गायत्री महायज्ञ का आयोजन एवं मानवीय गुणों में प्रेम, करुणा, दया को समावेश करने की प्रेरणा को रेखांकित किया। मानव समाज के उत्थान के लिए उनके अभियान को गति देने की जरूरत बताई। कवियों ने नशा मुक्ति, पर्यावरण भारतीय संस्कृति आदि विषयों पर कविता पाठ किया जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सीताराम साहू श्याम, केशव राम साहू, गजपति राम साहू, योगेश छत्तीसगढ़िया, कुसुमा साहू, पुष्पा मिश्रा आदि ने भाग लिया।



**ये हुए सम्मिलित-** इस अवसर परपरमानंद सोनवानी, प्रेमलाल कौशिक, कुणाल कुर्रे, गिरधर पांडे, जगत कमड़े, भोजराम बंदे, चोवा राम सोनवानी, संतोष ठाकुर, द्वारिका, भगवती पांडे, लखन मंडावी, दीनबंधु आसानी, पुनीता देश लहरे, इंद्राणी, चित्रलेखा, लेखनी, सुनीता, मधु, पद्मा, रुचि व ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

